वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2017-18

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान – भारत
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान
National Innovation Foundation - India
Autonomous Body of the Department of Science and Technology, Govt. of India

प्रस्तावना

डॉ. पी. एस. गोयल
अध्यक्ष, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत

सर्वप्रथम मैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (रानप्र) के शासी मंडल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आर.ए. माशेलकर के प्रतिकृतज्ञता ज्ञापित करना चाहता हूँ, जिनकी दृष्टि व नेतृत्व के बलबूते प्रतिष्ठान ने पिछले दो दशक में कई मील के पत्थर स्थापित किए। रानप्र को संरक्षण प्रदान करने व मार्गदर्शन के लिए मैं प्रो. अनिल गुप्ता का भी हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं शासी मंडल के सभी सदस्यों और रानप्र से जुड़े सभी व्यक्तियों की सराहना करता हूं, जिन्होंने रानप्र को दृष्टि दिखाई और गतिविधियों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

जैसाकि मैंने अनुभव किया है किदेश के लोगों में अद्भुत क्षमताएं हैं, लेकिन उसका बेहतर उपयोग नहीं हो पाता है। रानप्र के साथ मैंने पाया कि इसका प्रयास होता है कि क्षमतावान नवप्रवर्तक को खोज लिया जाए और उसका सहयोग व समर्थन किया जाए। रानप्र लगातार यह प्रयास कर रहा है कि हमारे देश के अप्रशिक्षित और कम या फिर अपनढ़ लोगों की क्षमताओं का सही व सार्थक उपयोग हो। इसकी गतिविधियों में नवप्रवर्तनों की पहचान करना, उसका मूल्य संवर्धन और उनका प्रमाणीकरण करना, पेटेंट के लिए आवेदन करना, उद्यमिता विकास के लिए व्यापारिक व अव्यापारिक माध्यमों से प्रसार करना शामिल हैं।

जहां तक मैं समझता हूँ रानप्र इनोवेशन वेल्यू चेन को तीन हिस्सों में आगे बढ़ाता है। सबसे पहले रानप्र द्वारा विभिन्न तरीकों से नवप्रवर्तन की पहचान की जाती है, फिर इसके वैज्ञानिक प्रमाणीकरण और इसमें आवश्यक तकनीकी विकास किया जाता है और फिर व्यापारिक व सामाजिक प्रसार के लिए इसकी बौद्धिक सम्पदा को संरक्षण प्रदान किया जाता है। पहले हिस्से को इसलिए महत्वपूर्ण समझा जा सकता है कि यह नवप्रवर्तनों व सुझावों का प्रोत्साहक या पोषक होता है। बिना दूसरे हिस्से को पार किए, तीसरे हिस्से का कोई अर्थ नहीं है, इस लिए दूसरा हिस्सा भी महत्वपूर्ण है। तीसरे हिस्से को इसलिए महत्वपूर्ण समझा जाता है कि यही सभी प्रयासों का चरमबिन्दु है और परदे के पीछे हुए परिश्रम को दृश्यता प्रदान करता है।

अब तक रानप्र ने दूर-दराज के इलाके के नवप्रवर्तकों की पहचान करने में बेहतर कार्य किया है और करीब 3 लाख नवप्रवर्तनों की पहचान की है। इसने अब एक डिजिटल कैटलॉग बनाने का कार्य शुरू किया है, जो कि वित्तिय वर्ष के आखिर तक पूरा हो जाना चाहिए और यह वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान को मेरा सुझाव है कि 5 से 10 सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तन का चयन करके उसके प्रसार की सार्थक योजना तैयार हो, ताकि हम उन्हें पूरे देश में कम से कम दस लाख (एक मिलियन) लोगों तक पहुँचा सकें। एक बार हम इस तरह का बड़ा प्रभाव सृजित कर लेंगे तो फिर शेष हिस्सों को अपने आप बढ़ावा मिलेगा। मैं आशा करता हूँ कि राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान मेरे सुझाव पर गंभीरता से अमल करने में सक्षम है।

मैं नए शासी मंडल के सदस्यों का स्वागत करता हूँ तथा उनके सहयोग से राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के मिशन और गतिविधियों को आगे बढ़ाने की आशा करता हूँ। मैं रानप्र से जुड़े सभी तृणमूल नवप्रवर्तकों तथा युवा कर्मियों को शुभकामनाएं देता हूँ। मैं शासी मंडल की ओर से रानप्र को समर्थन, मार्गदर्शन और निर्देशन देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता हूँ, ताकि रानप्र नवप्रवर्तकों और सम्पूर्ण समाज को समर्पित अपनी गतिविधियों कासफल संचालन कर सके। मैं रोमांचक गतिविधियों वाले नए वर्ष के इंतजार में हूँ।

आर्शिवाद और शुभकामनाओं के साथ

पी. एस. गोयल

निदेशक संदेश

डॉ. विपिन कुमार
निदेशक एवं मुख्य नवप्रवर्तन अधिकारी

वर्ष 2017-18 विभिन्न परिवर्तनों और नव प्रारम्भ का था। देश ने अपने नए राष्ट्रपतिश्री रामनाथ कोविंद जी का स्वागत किया और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने 'द इनोवेशन प्रेसीडेंट' नामक पुस्तक का संपादन करके सेवामुक्त हो रहे राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पुस्तक राष्ट्राध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा देश के नवप्रवर्तकों के समय विकास हेतु नवप्रवर्तन प्रोत्साहन योजनाओं को प्रारम्भ करने में उनके योगदान का स्मरण करती है।

भारत के नए राष्ट्रपतिश्री रामनाथ कोविंद जी भी अपने पूर्ववर्ती की ही तरह अपने संरक्षण व मार्गदर्शन के साथ आर्शीवाद प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन में 2015 से आयोजित होने वाले 'नवप्रवर्तन उत्सव' में 'उद्यमिता' का नया आयाम जोड़कर उसे 'नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव' का स्वरूप देते हुए अधिक समग्र किया गया है। आशा है कि उत्सव के इस नए स्वरूप के माध्यम से देश के नवप्रवर्तन व उद्यमिता परिवेश को अधिक समृद्ध बनाने में सहायता मिलेगी।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने इस वर्ष भी अपनी विविध गतिविधियों में जनसाधरण नवप्रवर्तन के साथ उसके सामाजिक प्रसार को महत्वपूर्ण स्थान दिया। इस वर्ष यह पहली बार हुआ कि रानप्र के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सेनिटरी नेपकिन बनाने वाली मशीन के नवप्रवर्तक अरूणाचल मुरूगन्थम के जीवन पर मुख्य धारा की हिन्दी फिल्म रिलीज हुई। यह फिल्म न केवल मासिक धर्म स्वच्छता (मेनस्ट्रल हाइजीन) के प्रति संदेश देने के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि यह बताने में भी सफल रही की देश का साधारण नागरिक भी नवप्रवर्तन कर सकता है। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर अवार्ड्स- मानक पुरस्कार के देश भर में समन्वयन में सहायता की तथा सुदूर क्षेत्रों से भी प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के प्रशासनिक ढांचे में भी बदलाव देखने को मिला। रानप्र के अध्यक्ष डॉ. आर.ए. माशेलकर तथा कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. अनिल गुप्ता, जो कि सन 2000 में संस्थान के प्रारम्भ से शासी मंडल में योगदान दे रहे थे, ने रानप्र को अगले दशक में नेतृत्व देने के लिए नए नेतृत्वकर्ताओं को अवसर देने का निर्णय लिया और शासी मंडल से त्यागपत्र दे दिया। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं विदा हो रहे शासी मंडल द्वारा रानप्र-भारत को इस मुकाम तक पहुंचाने में दिए गए दिशा निर्देशन व संरक्षण देने की सराहना करूं एवं उसके प्रतिआदर व्यक्त करूं। मुझे विश्वास है कि रानप्र भविष्य में भी उनके मार्गदर्शन, सुझाव व समर्थन के रूप में आर्शीवाद प्राप्त करता रहेगा।

मैं आदर के साथ शासी मंडल के अध्यक्ष के रूप में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. पी.एस. गोयल, नए उपाध्यक्ष श्री एन. पी. राजिव, कार्यकारी निदेशक विभारानी सहित शासी मंडल के नये सदस्यों का राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान परिवार में हार्दिक स्वागत करता हूँ। मैं आशा करता हूँ कि रानप्र इनके अनुभवों एवं सुझावों से लाभान्वित होगा।

मैं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्रीय मंत्री आदरणीय डॉ. हर्षवर्धन जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने रानप्र को लगातार मार्गदर्शन व दृष्टि दिया है। जनसाधारण नवप्रवर्तन के लिए लगातार सहयोग व समर्थन देने के लिए मैं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा व अन्य अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। अन्त में मैं रानप्र के सभी सहयोगियों व हनी बी. नेटवर्क के सभी स्वयं सेवकों द्वारा संस्थान के मिशन को आगे बढ़ाने में किए गए अथक प्रयासों की सराहना करता हूँ। एक नए सार्थक वर्ष की ओर देखते हुए मैं आशा करता हूँ कि आप सभी हमारी पिछले वर्ष की गतिविधियों को पढ़ने का आनंद उठाएंगे।

सभी के प्रति अनंत शुभकामनाओं के साथ

विपिन कुमार

विषय सूची

1. शासी मंडल	8-9
2. वित्त समिति	10
3. बढ़ते कदम	11
4. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइट पुरस्कार 2017	12-13
5. नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2017	14-19
6. ग्रामीण क्षेत्रों में रचनात्मकता की खोजः शोधयात्रा	20-21
7. इंस्पायर अवार्ड्स-मानक	22
8. अनुभागीय गतिविधियां	23-30
9. नईं पहल और साझेदारियां	31
10. अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां एवं साझेदारी	32-33
11. सांस्थानिक नीतियां	34
12. प्रशासनिक मामले	34
13. प्रकाशन	35-36

शासी मंडल

1. डॉ. पी. एस. गोयल-अध्यक्ष
पूर्व सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली

2. श्री एन. पी. राजीव-उपाध्यक्ष-सदस्य
कार्यकारी निदेशक, विभा वाणी, दिल्ली

3. प्रो. अनिल के गुप्ता-सदस्य
अतिथि प्राध्यापक, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद

4. प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे-सदस्य
अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली

5. प्रो. सत्यजीत मजूमदार -सदस्य
टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई

6. डॉ. सी शम्भू प्रसाद -सदस्य
सेंटर फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप एंड इंटरप्राइजेज, ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आणद

7. डॉ. के विजयलक्ष्मी -सदस्य
उपाध्यक्ष, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव, नई दिल्ली

8. सुश्री अनुराधा भवानी -सदस्य
स्थानीय प्रमुख, शेल फाउंडेशन, गुरूग्राम

9. सुश्री लक्ष्मी एन -सदस्य
शासी, गुड कर्मा फाउंडेशन, कोचि

10. सचिव, डीएसटी - पदेन सदस्य
नई दिल्ली

11. सचिव, डीबीटी-पदेन सदस्य
नई दिल्ली

12. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, एमएचआरडी-पदेन सदस्य
नई दिल्ली

13. सचिव, एमएसएमई-पदेन सदस्य
नई दिल्ली

14. सचिव, आयुष-पदेन सदस्य
नई दिल्ली

15. महानिदेशक, आईसीएमआर - पदेन सदस्य
नई दिल्ली

16. महानिदेशक, आईसीएआर- पदेन सदस्य
नई दिल्ली

17. महानिदेशक, सीएसआईआर- पदेन सदस्य
नई दिल्ली

18. मुख्य सचिव, गुजरात सरकार- पदेन सदस्य
गांधीनगर, गुजरात

19. वित्तिय सलाहकार, डीएसटी, भारत सरकार- पदेन सदस्य
नई दिल्ली

20. निदेशक/मुख्य नवप्रवर्तन अधिकारी-सदस्य सचिव, पदेन सदस्य
राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत, गांधीनगर

वित्त समिति

1. डॉ. पी. एस. गोयल - अध्यक्ष
पूर्व सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली

2. वित्तिय सलाहकार, डीएसटी, भारत सरकार- पदेन सदस्य
नई दिल्ली

3. प्रो अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे -सदस्य
अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली

4. डॉ. संजीव सक्सेना- सदस्य
सहायक निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

5. प्रो. सत्यजीत मजूमदार- सदस्य
टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई

6.निदेशक/मुख्य नवप्रवर्तन अधिकारी-सदस्य सचिव, पदेन सदस्य
राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत, गांधीनगर

बढ़ते कदम...

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत (रानप्र) समाज के जन-साधारण नवप्रवर्तकों व ज्ञानधारकों की सहायता व सहयोग के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा अपने क्षेत्रीय केन्द्रों के द्वारा देश के उन क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को व्यापकता देने में सफल हो रहा है, जो अभी तक पहुँच से बाहर थे। रानप्र के प्रयासों तथा ज्ञान के सृजन में इसकी भूमिका को औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग द्वारा 15 जून 2017 को प्रकाशित रिपोर्ट 'टास्क फोर्स ऑन इनोवेशन-रिपोर्ट ऑन ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्सः एन इण्डियन पर्सपेक्टिव' में भी निम्नलिखित टिप्पणी के साथ अभिस्वीकृति मिली हैः

"ज्ञान के सृजन में, केवल औपचारिक तंत्र द्वारा सृजित ज्ञान को ही ध्यान में रखा जाता है। यह साधारणतया इसलिए कि गरीब लोगों को कमतर समझा जाता है, न कि स्रोत। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने यह दिखाया है कि हाशिए पर रखा जाने वाला दिमाग वास्तव में गौण नहीं है। वे जन-साधारण नवप्रवर्तन के माध्यम से वृहद रूप में ज्ञान का सृजन कर रहे हैं। इन मूल्यवान ज्ञान स्रोतों को समाहित करने और औपचारिक व अनौपचारिक तंत्रों के बीच समन्वय बनाने का प्रयास आवश्यक है, ताकि इसके सामाजिक-आर्थिक लाभ संपूर्ण मानवता तक पहुँच सकें।"

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के उस योगदान के प्रति आभारोक्ति व्यक्त करता है, जिसके अन्तर्गत उन्होंने 'द इनोवेशन प्रेसिडेंट' पुस्तक तैयार की है। इस पुस्तक में राष्ट्रपति भवन द्वारा की गई उन पहल का संकलन है, जो देश के नवाचार पारिस्थिक तंत्र को समृद्ध करने में सक्षम है। यह पुस्तक 24 जुलाई 2017 को तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री हामिद अंसारी ने तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी, नवनियुक्त राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द और भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में विमोचित किया था।

27 जुलाई 2017 को तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने पुस्तक 'द इनोवेशन प्रेसिडेंट' की पहली प्रति तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री हामिद अंसारी से स्वीकार किया। तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी के 13 वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यालय के आखिरी दिन राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केन्द्र में तत्कालीन उपराष्ट्रपति श्री हामिद अंसारी ने नवनियुक्त राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द और भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में इस पुस्तक को विमोचित किया था।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइट पुरस्कार 2017

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान प्रत्येक वर्ष स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के मौलिक तकनीकी विचारों तथा नवप्रवर्तनों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम इग्नाइट प्रतियोगिता का आयोजन करता है। वर्ष 2017 की प्रतियोगिता के लिए देश के 576 जिलों से 65,000 से भी अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इनमें से 16 राज्यों के 56 विद्यार्थियों को उनके 29 सुझावों/नवप्रवर्तनों के लिए पुरस्कृत किया गया। 22 दिसम्बर 2017 को गांधीनगर के ग्राम भारती में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री प्रणव मुखर्जी ने गुजरात के राज्यपाल माननीय श्री ओ.पी. कोहली की उपस्थित में सृजनशील विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। समारोह स्थल पर उक्त सृजनशील विद्यार्थियों की पुरस्कृत कृतियों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइट प्रतियोगिता 2017 के विजेता अनंग टडर अपना आइडिया 'दृष्टिहीनों के लिए अभिनव चश्मा' को पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को दिखाते हुए।

अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. अनिल गुप्ता ने कहा कि बच्चों में किसी भी समस्या को जानने समझने के प्रति उत्सुकता होती है और यही उत्सुकता उन्हें नवप्रवर्तन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बच्चों की सृजनशीलता की सराहना की। उन्होंने श्री प्रणव मुखर्जी के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति भवन द्वारा नवप्रवर्तन के विकास तथा देश के नवप्रवर्तन पारिस्थितक तंत्र को समृद्ध करने के प्रयासों को विस्तार से बताया।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ. आर.ए. माशेलकर ने कहा विश्व में भारत को नवप्रर्तक राष्ट्र समझा जाता है। उन्होंने भी राष्ट्रपति भवन तथा श्री प्रणव मुखर्जी के प्रयासों की सराहना की। गुजरात के माननीय राज्यपाल श्री ओ.पी. कोहली ने बच्चों के सृजनात्मक विचारों की सराहना करते हुए अभिभावकों व अध्यापकों से अपील की कि वे बच्चों के सपने देखने और उन्हें पुरा करने देने में सहायक बने। न कि उनपर अपने अभिभावकों के सपने पूरे करने का दबाव बनाया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि सुविधा सम्पन्न परिवार से आने वाले बच्चों को कम सुविधा सम्पन्न परिवारों से आने वाले बच्चों के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे जमीनी हकीकत से परिचित हो सकें तथा दूसरों के प्रति सहचर्य की भावना विकसित कर सकें। यह उनमें संवेदना व सहानुभूति विकसित करने में सहायक होगा।

पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने बच्चों के सृजनात्मक विचारों की सराहना की और कहा को मस्तिष्क को झकझोर देने वाले इन विचारों को बच्चों की किताबों में एक अध्याय के रूप में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को सामाजिक आवश्यकताओं व समस्याओं को समझना व उसके समाधान खोजना सीखना चाहिए। श्री मुखर्जी ने कहा कि जोखिम उठाने से सम्बन्धित सुझावों व गतिविधियों तथा सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक नव उद्यम से बच्चों को परिचित कराना चाहिए। इन बच्चों को देश के उन बच्चों से मिलवाना चाहिए, जिनके सृजनात्मक सुझाव मानक स्तर पर स्वीकृत हुए हैं और सराहे गये हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को मौलिक रूप से सोचने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे देश के समग्र विकास में योगदान दे सकें। माननीय पूर्व राष्ट्रपति ने भारत सरकार द्वारा वृहद स्टार्ट-अप अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर उद्यमिता के विकास को बढ़ावा देने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर अवाड्र्स-मानक योजना के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक अभिनव प्रयास है, जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान लाखों सृजनात्मक सुझावों में से विशिष्ट 60 सुझावों को नए आयाम देने में भूमिका निभाता है।

विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते माननीय पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी, गुजरात के गर्वनर माननीय श्री ओपी कोहली, डॉ.आर. ए. माशेलकर, प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. विपिन कुमार।

नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2018

नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव (पूर्व में नवप्रवर्तन उत्सव) राष्ट्रपति भवन द्वारा जनसाधारण नवप्रवर्तकों को स्वीकृति, आदर व सम्मान देने तथा नवप्रवर्तन पारिस्थितिक तंत्र विकसित करने की दिशा में किया गया अभिनव प्रयास है। मार्च माह में राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाला यह उत्सव सृजन, नवप्रवर्तन और उद्यमिता का उत्सव है। वर्ष 2018 में यह उत्सव 19 से 21 मार्च 2018 को राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। यह उत्सव देश की नवप्रवर्तन क्षमता का उत्सव है, विशेषकर जन-सामान्य स्तर पर उपजने वाले सुझावों का तथा सृजनात्मक समुदायों का।

19 मार्च 2018 को नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव का शुभारम्भ करते माननीय राष्ट्रपतिश्री रामनाथ कोविन्द।

राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2018

19 मार्च 2018 को भारत के राष्ट्रपति माननीय श्री राम नाथ कोविंद ने नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी स्थल पर उपस्थित कुछ नवप्रवर्तकों से बातचीत भी की। उन्होंने इनोवेशन स्कॉलर्स इन-रेजिडेंस कार्यक्रम के पांचवें बैच के प्रतिभागियों से भी बातचीत की। इस दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन भी उपस्थित थे। तद्उपरान्त माननीय राष्ट्रपति भवन में गांधियन यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत के अध्यक्ष डॉ. आर.ए. माशेलकर तथा कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. अनिल गुप्ता उपस्थित थे। इस वर्ष 2018 में गांधियन यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन प्रतियोगिता में 34 राज्यों के 312 विश्वविद्यालयों व संस्थानों से 2915 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। ये प्रविष्टियां 54 तकनीकी ज्ञानक्षेत्रों से प्राप्त हुई थीं। राष्ट्रपति ने जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र के 15 तथा 8 इंजीनियरिंग क्षेत्र के नवप्रवर्तन प्रोजेक्ट को गांधियन यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन पुरस्कार दिए। डॉ. हर्ष वर्धन ने 28 सराहना (प्रशंसा) पुरस्कार वितरित किए। कुल 118 विद्यार्थियों के प्रयासों को पुरस्कृत किया गया।

नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2018 के दौरान माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान जम्मू एवं कश्मीर के नवप्रवर्तक मुश्ताक अहमद डार से नवप्रवर्तन पोल प्रो क्लाइबर के बारे में जानकारी लेते हुए।

समारोह को सम्बोधित करते हुए माननीय राष्ट्रपति ने कहा कि नए भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए हमें विकास के कई प्रतिमान स्थापित करने हैं, जिसके लिए प्रत्येक भारतवासी को अपनी क्षमता का उपयोग करने का पूरा अवसर देकर समग्र समाज को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवप्रवर्तन श्रृंखला की प्रत्येक कड़ी को जीवंतता देनी होगी- प्रारम्भिक निर्माण करने वाले बच्चे, सकारात्मक आकांक्षाएं रखने वाले युवा और सहायता उपलब्ध करने वाली सरकार, सभी की आवश्यकता है। उन्होंने यह बात दोहराई कि नवप्रर्वतनों को उद्यम में बदलने वाले सक्षम परिस्थितिक तंत्र की आवश्यकता है, जिसके लिए युवा नवप्रवर्तकों तथा स्टार्ट-अप्स को सहयोग देना होगा। यह उत्सव नवप्रवर्तन एवं उद्यम को इस उद्देश्य के साथ लाता है तथा उन्हें आर्थिक मार्गदर्शन व नीतिगत सहयोग प्रदान करता है।

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि अनौपचारिक क्षेत्र से शीर्ष नवप्रवर्तकों स्कूल व तकनीकी संस्थानों के नवप्रवर्तकों, शोध एवं विकास संस्थानों, उद्योगों तथा नव उद्यमियों को एक साथ एक मंच पर उपस्थित देखने का एतिहासिक अवसर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा ने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य है वैज्ञानिक शोधों के परिणाम को जन-साधारण स्तर तक पहुँचाया जाए।

उत्सव के दौरान चार गोलमेज विमर्श भी आयोजित हुए जिनके विषय थे- सामाजिक उपक्रमों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित नवप्रवर्तन, नवप्रवर्तन परिस्थितिक तंत्र का पोषण, नवप्रवर्तन व स्टार्ट-अप्स के उच्चीकरण व व्यापारीकरण में सरकार की भूमिका तथा बांस व हर्बल मेडिसिन के विशेष संदर्भ के साथ दीर्घकालिक कृषि में नवप्रवर्तन। सभी विमर्शों से कुछ महत्वपूर्ण अवुशंसाएं भी प्रस्तुत की गई।

पहले विमर्श के सुझावों व अनुशंसाओं का बताते हुए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा ने प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों को गांवों से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया तथा नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के प्रयास का विकेन्द्रीकरण करने की बात कही। दूसरे विमर्श की अनुशंसा रखते हुए अटल इनोवेशन मिशन के निदेशक श्री आर रमन्ना ने बच्चों को स्कूल स्तर पर ही नवप्रवर्तन की सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि बच्चों को इस तरह का अवसर उपलब्ध कराने के लिए देश में हजारों अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई है। उन्होंने देश में रजिस्टर्ड हुए कई सौ स्टार्ट अप्स को औद्योगिक मार्गदर्शन दिए जाने का महत्व भी बताया।

नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2018 के दौरान राष्ट्रपति भवन में विज्ञान एवं तकनीकी पर आधारित नवप्रवर्तन के सामाजिक उपयोग विषय पर आधारित गोलमेज सम्मेलन के दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा और अन्य गणमान्य।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. अनिल गुप्ता ने तीसरे विमर्श की संस्तुतियां प्रस्तुत कीं। इसमें नवप्रवर्तनों को बाजार और जनता तक पहुँचाने के लिए बेहतर प्रयास करने की आवश्यकता तथा ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी तथा आई.पी. प्रोटेक्टेड टेक्नोलॉजी की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। कृषि, सहकारिता व कृषक कल्याण विभाग के सचिव श्री शोभना के पटनायक ने चौथे विमर्श की संस्तुतियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा सन 2020 तक किसानों की आय दोगुनी करने की योजना के परिपेक्ष्य में कुछ कार्य योजनाएं प्रस्तुत कीं। बांस उत्पादन क्षेत्र के विकास के लिए 200 करोड़ रूपये निर्धारित किए गए हैं। बांस से सम्बन्धित टेक्नोलॉजी व उत्पादों के लिए राष्ट्रपति भवन में एक प्रदर्शनी स्थापित किया जाएगा। नवप्रवर्तक कृषक योजना का विस्तार केन्द्रीय व राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तक किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन के आयुष केन्द्र के अनुभवों से देश के विभिन्न संस्थानों को भी लाभान्वित किया जाएगा। कृषि मंत्रालय, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में नवप्रवर्तन की पहचान करेगा।

भारत के माननीय राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि इन अनुशंसाओं व संस्तुतियों का अगले वर्षों में अनुसरण किया जाएगा। उन्होंने मंत्रालयों एवं विभागों से मिलकर काम करने का आग्रह किया।

नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2018 में कई अन्य कार्यशालाएं व विमर्श भी आयोजित किए गए। इनमें नेशनल इनोवेशन क्लब की बैठक तथा चयनित क्लबों की प्रस्तुति, नवप्रवर्तन पारिस्थितिकी को समृद्ध करने के लिए सरकार व उद्योगों के बीच बातचीत तथा डिजाइन इनोवेशन सेन्टर की कार्यशाला शामिल है। उत्सव का समापन बच्चों की सृजनात्मकता व सहभागिता के लिए सृष्टि द्वारा आयोजित कार्यशाला से हुआ।

नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2018 के दौरान राष्ट्रपति भवन में चार अलग-अलग गोलमेज सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव 2018 में अपनी बात रखते श्री संजय कोठारी, सचिव राष्ट्रपति।

उत्सव से जुड़ी एक नवप्रवर्तन प्रदर्शनी भी 19 से 23 मार्च 2018 तक अवलोकनार्थ खुली रही। इस प्रदर्शनी में प्रतिभागी नवप्रवर्तकों को आपस में मिलने तथा भविष्य में समाज की बेहतरी करने की संभावनाओं का संवर्धन करने का अवसर प्रदान किया। इस प्रदर्शनी ने नए भारत (न्यू इण्डिया) के नवप्रवर्तन परितंत्र को अधिक मजबूत करने व समृद्ध करने में भी भूमिका निभायी। अब नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता उत्सव ने भारत सरकार की नीतियों के साथ सामाजिक विकास के लिए सृजनात्मक नवप्रवर्तनों का अद्भुद समन्वय स्थापित किया तथा कृषि, ग्रामीण विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी तथा चिकित्सा के क्षेत्र में जन साधारण स्तर पर हो रहे रचनात्मक नवप्रवर्तनों, विद्यार्थियों के सुझावों तथा अन्य प्रौद्योगिकी के लिए नया समाधान प्रस्तुत किया।

भारतकी प्रथम महिला श्रीमति सविता कोविंद प्रदर्शनी का अवलोकन करती हुई।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने राष्ट्रपति भवन के साथ मिलकर 19 से 23 मार्च 2018 तक पाचवें इनोवेशन स्कॉलर-इन-रेजिडेंस कार्यक्रम का भी आयोजन किया। राष्ट्रपति भवन ने सन 2013 में जन साधारण स्तर पर नवप्रवर्तन को प्रोत्साहन देने के लिए नवप्रवर्तकों हेतु 'इन-रेजिडेंस' कार्यक्रम प्रारम्भ किया था। राष्ट्रपति भवन द्वारा नवप्रवर्तक स्कूली व कॉलेज विद्यार्थियों, किसानों और दस्तकारों की मेहमानवाजी का उद्देश्य केवल इतना था कि देश भर में यह संदेश जाए कि सृजनशील नवप्रवर्तक जन-सामान्य की पहुंच राष्ट्रपति भवन तक सहजता से हो सकती है। पाचवें संस्करण में राष्ट्रपति भवन ने 10 नवप्रवर्तकों का चयन किया था।

माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद नवप्रवर्तक श्री प्रकाश सिंह से बात करते हुए।

इनोवेशन स्कॉलर-इन-रेजिडेंस कार्यक्रम का पांचवा बैच राष्ट्रपति भवन में

शोध यात्रा - ग्रामीण क्षेत्रों में रचनात्मकता की खोज में

40वीं शोधयात्रा का आयोजन गुरेज बैली, जिला बांदीपोर जिला, जम्मू एवं कश्मीर किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में रचनात्मकता की खोज में शोध यात्रा की जाती है, जिसका आयोजन वर्ष में दो बार राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान तथा हनी बी नेटवर्क के सहयोग से सृष्टि द्वारा किया जाता है। वर्ष 2017 में 11 मई से 18 मई तक 39 वीं शोध यात्रा का आयोजन ओडीसा के बरगढ़ जिले में किया गया। इस यात्रा में इनोवेट उड़ीसा इनिशिएटिव तथा संभलपुर व बरगढ़ जिले के विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों ने भी सहयोग दिया। यात्रा बारपालि से प्रारम्भ हुई और नरसिंहनाथ पर समाप्त हुई। इस दौरान 50 यात्रियों, जिसमें किसान, विद्यार्थी, प्रोफेशनल्स, अध्यापक व नवप्रवर्तक शामिल थे, ने लगभग 120 किमी की दूरी तय की तथा 30 गावों के लोगों से बातचीत की। 40वीं शोध यात्रा का आयोजन जम्मू कश्मीर में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर, 2017 तक बांदीपुरा जिले की गुरेज घाटी में किया गया। इस यात्रा में गुरेज व तुंलेल घाटी के विद्यार्थियों ने सहयोग किया। यात्रा का प्रारम्भ देश की सीमा पर स्थित तुलेल घाटी के अंतिम गांव चेकवली से हुआ तथा अंत गुरेज घाटी के अंतिम गांव बर्नई पर हुआ। पहाड़ी इलाके में हुई इस यात्रा में 45 किमी की दूरी तय की गई तथा 25 गावों के लोगों से बातचीत की गई।

मसाले के किस्म का खेत में परीक्षण-नवप्रवर्तक श्रीटी पी जोसेफकी इलाचयी की संशोधित किस्म

ओडीसा शोध यात्रा के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के लिए उपयोगी पुरस्कार प्राप्त नवप्रवर्तनों तथा उड़ीसा में पूर्व में अभिलेखित किए गये। नवप्रवर्तनों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। शोध यात्रा के दौरान कुछ रोचक नवप्रवर्तनों की पहचान की गई, जिसमें सर्गिबहल के जुम्नीकांत दास की डीजल इंजन से चलने वाली वेल्डिंग मशीन, सालेपाले के साधु चरन पटेल का पोर्टेबुल हैण्डपम्प, बन्धपली के प्रफुल्ल कुमार मेहर की हाथ से चलने वाली स्विनिंग व विन्डिंग मशीन व राम प्रसाद मेहर की आटोमेटिक मशीन शामिल हैं। सत्ती गाता के स्कूल अध्यापक धनंजय साहू ने किसानों के लिए सोलर स्पेयर तथा दिव्यांगों के लिए स्वचलित (आटोमैटिक) बिस्तर तैयार किया है।

चालीसवीं शोध यात्रा के दौरान यात्री समुद्र तल से 8000 फीट ऊंचाई पर पाकिस्तान सीमा पर रहने वाले दर्द-शिन समुदाय के लोगों के संघर्ष व दुरूहताओं से रू-ब-रू हुए। वर्ष भर कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाली महिलाओं ने बिना किसी हिचक के यात्रियों से बातचीत की। ऐसी ही वहां के बच्चों ने किया। बिजली वहां की महत्वपूर्ण समस्या है अतः बच्चों के अधिकांश सुझाव सौर ऊर्जा और नदी के जल के सार्थक उपयोग को लेकर थे। अधिकांशतः मोबाइल चार्ज करने के लिए सोलर चार्जर चाहते थे। लाल दीन मलिक ने सोलर कैंप का सुझाव दिया, जिसकी सहायता से फेरन (कोट) को गर्म किया जा सके। ऐसा ही एक सुझाव सोलर बुखारी या कांगड़ी का भी मिला। मुदसिर अहमद लोन सोलर सभोवर (कश्मीर केतली) चाहते थे। आकिब पानी पर दौड़ने वाला वाहन, मोहम्मद दिलावर पवन ऊर्जा से बिजली चाहते थे। युवा नवप्रवर्तक तौसीफ ने घर को गर्म रखने वाली बुखरी बनाई है तो अरशद अहमद ने बर्फ चलने में सहायक जूते तैयार किए है। यात्रा के दौरान ऐस दी कई सृजनात्मक नवप्रवर्तन देखने को मिलें।

शोध यात्राओं के दौरान परम्परागत ज्ञान पर आधारित कृषि, मानव व पशु चिकित्सा आदि का डाक्यूमेटेशन करने का भी अवसर मिला। स्थानीय हर्बल जानकारियों व स्थानीय उत्पादों को अधिक उपयोगी बनाने की अपार संभावनाएं भी नजर आयीं, जिन्हें सहेज लिया गया।

इंस्पायर अवार्ड्स-मानक

इंस्पायर अवार्ड्स-मानक (राष्ट्रीय आकांक्षा और ज्ञान को बढ़ते लाखों मस्तिष्क) स्कूली विद्यार्थियों के नवप्रवर्तकों को पुरस्कृत करने की भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की राष्ट्रीय योजना है, जिसे राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के सहयोग से संचालित किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 10 लाख सुझावों में पहले 1 लाख सुझाव चयनित किए जाते हैं। फिर इनमें से राज्य व जिला स्तर पर चयन करके 60 सुझाव व नवप्रवर्तन का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाता है तथा रानप्र द्वारा इनक्यूबेशन प्रदान किया जाता है। यह योजना 'स्टार्टअप इण्डिया' कार्य योजना की दिशा में बढ़ाया गया कदम है, जिसका उद्देश्य स्कूल स्तर (कक्षा 6 से 10 तक) के विद्यार्थियों को साथ लेकर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तंत्र को विकसित करके मानव संसाधन का विकास करना है।

चंडीगढ़ में आयोजित राजस्तरीय प्रदर्शनी ।

तमिलनाडू में आयोजित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी।

इस वर्ष 35 राज्यों व केन्द्र शासित राज्यों के 595 जिलों से 2,58, 902 विद्यार्थियों के सुझाव प्राप्त हुए। इनमें से जिला स्तरीय प्रदर्शनियों व प्रोजेक्ट प्रतियोगिताओं के लिए 31,208 विद्यार्थियों के नवप्रवर्तनों/विचारों का चयन किया गया। पहले चरण में प्रत्येक नवप्रवर्तनों/विचारों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दस हजार रूपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से दिए गये। चयनित प्रतिभागियों के आधार पर रानप्र ने 200 जिला स्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन करने की योजना बनाई। जागरूकता अभियान के लिए 15 भाषाओं में पोस्टर, ब्रोशर व एनिमेटेड फिल्म भी तैयार किए गये।

इंस्पायर अवार्ड्स-मानक के क्रियान्यवयन के दौरान देशभर मेंजिला एवं राज्यस्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। इसक्रम में तमिलाडू के ठोठूकोडी जिले में अपने नवप्रवर्तन का प्रदर्शन करते बच्चे।

विभागीय गतिविधियाँ

खोज एवं दस्तावेजीकरण

बुनियादी स्तर के पर्यावरण व असहायता प्राप्त प्रौद्योगिकिय नवप्रवर्तनों और विशिष्ट पारंपरिक ज्ञान धारकों की दसवीं राष्ट्रीय द्विवार्षिक प्रतियोगिता (अप्रैल 2015-जून 2017) का समापन 30 जून 2017 को हुआ। इसमें 34 राज्यों व केन्द्र शासित राज्यों से 12,500 प्रविष्टियों से भी अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। 1 जुलाई 2017 से 11 वीं द्विवार्षिक प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई है और 31 मार्च 2018 तक 3500 प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। अभी 31 मार्च 2019 तक प्रविष्टियाँ स्वीकार की जाएंगी।

वर्ष 2017 की डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइट प्रतियोगिता के लिए देश के 576 जिलों से 65,000 से भी अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इनमें से 16 राज्यों के 56 विद्यार्थियों को उनके 29 सुझावों/नवप्रवर्तनों के लिए पुरस्कृत किया गया। 22 दिसम्बर 2017 को गांधीनगर के ग्राम भारती में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री प्रणव मुखर्जी ने गुजरात के राज्यपाल माननीय श्री ओ.पी. कोहली की उपस्थित में सृजनशील विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइट 2018 प्रतियोगिता के लिए 31 मार्च 2018 तक 16000 प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने साइंस ट्रेन से जुड़ी प्लेटफार्म गतिविधियों में भी प्रतिभागिता किया। साइंस एक्सप्रेस क्लाइमेट एक्शन स्पेशल ट्रेन बिहार, असम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों के कई प्लेटफार्म से होकर गुजरी। प्लेटफार्म गतिविधियों में विद्यार्थियों से बातचीत, विचार प्रतियोगिता और पोस्टर प्रदर्शनी प्रमुख रहे।

बिहार के सीतामढ़ी जिले में जलवायु विशेष साइंस एक्सप्रेस। इस दौरान रानप्र-भारत ने प्लेटफॉर्म पर कई गतिविधियां आयोजित की।

मूल्य संवर्धन शोध एवं विकास

इंजीनियरिंग टीम ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम इग्नाइट प्रतियोगिता 2017 के दौरान प्राप्त हुई 65000 प्रविष्टियों की समीक्षा की तथा पुरस्कृत प्रविष्टियों (22) की प्रतिकृति भी तैयार की, पेटेंट फाइल करने हेतु तकनीकी प्रपत्र तैयार किए तथा प्रथम परीक्षा रिपोर्ट्स का उत्तर दिया। जन-साधारण नवप्रवर्तकों के बीच सीखने की प्रवृत्ति तथा किसी विचार को शीघ्रता से प्रतिकृत में बदलने की प्रक्रिया को सहायता के लिए असम, मेघालय, नागालैण्ड, अरूणांचल प्रदेश, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, ओडीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार व छत्तीसगढ़ में 14 कम्युनिटी वर्कशॉप स्थापित की गई। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के सहयोग से देश में चलने वाली कार्यशालाओं (वर्कशॉप) की संख्या इस वर्ष 51 तक पहुँच गई। ये देश के 23 राज्यों में स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त 20 राज्यों के 58 नवप्रवर्तकों को अपने नवप्रवर्तन को अवधारणा स्तर पर तैयार करने या फिर उनकी प्रतिकृति बनाने के लिए आर्थिक सहायोग दिया गया।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत के फैब लैब में छात्रों का भ्रमण

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत के फैब लैब में प्रोटोटाइप निर्माण कार्य

कृषि

कृषि टीम ने 12 संस्थानों में 18 फसल प्रजातियों तथा 10 हर्बल फार्म्युलेशन (निरूपण) के प्रमाणीकरण में सहायता की, अंगूर की दो प्रजातियों का मौके पर मूल्यांकन किया। विभिन्न संस्थानों में प्रमाणीकरण ट्रायल के दौरान किसानों की मिर्च और कद्दू की प्रजातियों ने स्थानीय व राष्ट्रीय परीक्षण की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि गोभी की प्रजाति के जल्दी परिपक्व होने के कारण अधिक मूल्य-लाभ रिपोर्ट किया गया। गाजर की दो प्रजातियों ने भी बाजार ले जाने लायक अधिक उपज का प्रदर्शन किया। दुर्गा 4 प्रजाति आकर्षक लाल रंग अच्छा कुरकुरा स्वाद तथा मिठास रखती है। कैस्युराइना की मोदी-1 प्रजाति ने उन्नतशीलता व मोटे आधार व ऊँचाई के साथ उच्च विकास दर प्रदर्शित किया। गोभी की अजितगढ़ चयन ने गठी, गोल, सफेद गोभी उत्पादित की, जिसकी अपेक्षाकृत उपज भी अधिक हुई। इसी क्रम में प्याज की प्रजाति राशिदपुरा प्याज की अधिक उपज देखी गई, जबकि इसमें दो कन्द का प्रतिशत कम पाया गया। हयाचिन्थ प्रजाति (जेके 1) की भी अपेक्षाकृत उन्नत व ताजी उपज देखने को मिली। बाजरे की सुल्खनिया प्रजाति शीघ्र परिपक्वहोने के साथ, बेहतर अलग तरह से लम्बी व मोटी फली (इयर हेड) वाले थे तथा सूखे की स्थिति में भी उपज देने में सक्षम थे।

नवप्रवर्तक हरमन शर्मा के द्वारा विकसित की गई उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में फल देने वाला सेब हरमन 99 ने तेलंगाना प्रदेश में फलोत्पादन हुआ।

गोभी के अजीतगढ़ चयन किस्म को फरवरी 2018 में प्रदर्शित करते नवप्रवर्तक जगदीश पारिख, सीकर, राजस्थान।

प्रमाणीकरण के दौरान यह पाया गया कि लीफ हॉपर, फ्रूट व शूट बोरर कीटों की उत्पत्ति को रोकने में रसायनिक नियंत्रण की अपेक्षा हर्बल फार्मुलेशन को अधिक प्रभावी पाया गया। इन फार्मुलेशन का परीक्षण सरदार कृषि नगर दंतेवाड़ा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में किया गया था।

सेब की हरमन- 99 किस्म को उगाने का प्रयास 2014 से उन क्षेत्रों में किया गया, जहां सेब की उपज नहीं होती है और 2017-18 में इसके सफल परिणाम 10 ऐसे क्षेत्रों में देखने को मिले। अब इस किस्म को पूरे देश में फैलाने की योजना है।

पन्द्रह राज्यों के 700 किसानों के खेत में 32 फसलें किस्मों का परीक्षण किया गया, जिसमें उपज व उपज से जुड़े लक्षणों के संदर्भ में अच्छी सफलता मिली। धान की किस्म डी आर के (स्व. दादाजी रामजी खेबराघड़े) अपने दोनों की उच्च गुणवत्ता के कारण बाजार में अधिक मूल्य दिलाने में सफल रही तो सोयाबीन की किस्म पाण्डरीनाथ-1 यलो मोजेक वायरस से लड़ने में सक्षम पायी गयी। सोलह हर्बल फार्मुलेशन का परीक्षण किसानों के खेत पर किया गया और वे धान के कीटों तथा मिर्च की कर्ल लीफ बीमारी के प्रति अधिक जैविक क्षमता वाले सिद्ध हुए। तीन हर्बल प्रौद्योगिकी के प्रमाणीकरण का परीक्षण राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के रिसर्च फार्म पर किया गया और उन्हें बैगन के कीटों पर नियंत्रण पाने में प्रभावी पाया गया। इसी तरह किसानों के गेहूँ की 10 किस्मों को गुजरात परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया।

कुबरी महामनी चयन- दुर्ग के नवप्रवर्तक रोहित साहू द्वारा विकसित चावल की किस्म ।

दो शोध संस्थानों में 22 किस्मों का जैव-रासायनिक विश्लेषण किया गया। गेहूं की किस्म में आयरन, कर्बोहाइड्रेट और प्रोटीन की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक पायी गयी। किसानों की बाजरा किस्म- सुल्खनिया में भी आयरन और प्रोटीन की मात्रा अधिक पायी गई। प्याज की (बलवान सिंह, हरियाणा) को उत्तराखण्ड ऊंचाई पर स्थित सात गांवों में उपजाने में सहायता की गई। सदाबहार आम किस्म को तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश में परिचित कराया गया ताकि क्षेत्र के नवप्रर्वकों के लिए व्यापार की संभावनाएं सृजित हो सकें। लौंग, काली मिर्च और जायफल की 12 किस्मों का ए आई सी आर पी परीक्षण आई सी ए आर की विभिन्न शोध केन्द्रों पर किया जा रहा है।

मानव स्वास्थ्य

इस अवधि में विभिन्न रोगों के सम्बन्ध में विभिन्न हर्बल प्रयोग के प्रमाणीकरण को पूरा किया गया, जिसमें प्रदाह (6) यकृत विकार (7), यूरोलिथिएसिस (4), अल्सर (4), घाव भरना (4), मलेरिया (6), ओस्टिओपोरेसिस (6), अपस्मार (एपलेप्सी) (8) तथा मोटापा (4) शामिल हैं। विभिन्न प्रोजेक्ट के अन्तर्गत नवप्रवर्तकों और पारंपरिक ज्ञानधारकों के 13 राज्यों के 56 हर्बल प्रयोगों का सत्यापन तथा विस्तृत अभिलेखीकरण किया गया, जो कि रोगों और पौधों से सम्बन्धित थे। योग्य प्रयोगों को आर ए सी/पी आर सी में विशेषज्ञों द्वारा उनकी समीक्षा की गई तथा प्रमाणीकरण व गुणवत्ता बढ़ाने के लिए चयनित किया गया। मधुमेह, हाइपरटेंशन, मोतियाबिन्द, ओस्टियोपोरेसिस, यकृत विकार, प्रदाह व गठिया, एपिलेप्सी, यूरोलिथिएसिस आदि के क्षेत्र में 60 से अधिक हर्बल प्रयोगों के प्रमाणीकरण से जुड़े 37 नए प्रोजेक्ट प्रोजेक्ट को दस विभिन्न संस्थानों/ सीआरओ में प्रारम्भ किया गया। विशेषकर दुर्योधन करमाकर (झारखंड), रामानन्द राम (बिहार), टी रामानाथन (तमिलनाडु) और गुलाम नबी वानी (जम्मू और कश्मीर) का मोतियाबिन्द रोधी हर्बल प्रयोग की रिपोर्ट आशाजनक रहीं। प्रमाणीकरण परीक्षण के दौरान रोग नियंत्रण समूह की अपेक्षा रोग परीक्षण समूह में लेन्स की अपारदर्शिता घटती पायी गई। दोनों समूहों के व्यवहार में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं पाया गया।

पशु चिकित्सा

हिमांचल प्रदेश में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान और कॉलेज ऑफ वेटेरिनरी एण्ड एनिमल साइंस ने मिलकर हिमांचल प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस टेक्नालॉजी एण्ड इनवारन्मेंट, शिमला के सहयोग से स्वदेशी/देशज यूकानाशी (एक्रिसाइड) चिकित्सा के लोकप्रियकरण किया। इस मेडिकेशन (चिकित्सा) को राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा विकसित तथा मानकीकरण किया गया तथा बा' परजीवी के संक्रमण के नियंत्रण के लिए वेटेरिनेरी संस्थानों द्वारा इसे अपनाया गया। प्रतिष्ठान ने डॉ. जी सी नेगी कॉलेज ऑफ वेटेरिनेरी एंड एनिमल साइंसेज, पालमपुर के साथ सहभागी बनकर 22 सितम्बर 2017 को कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 100 वेटेरिनेरी फार्मासिस्टों ने भाग लिया। इनका उद्देश्य टिक संक्रमण, स्तन की सूजन (मस्टाइटिस) व स्तन के घाव (अडर सोर) के स्वदेशी उपचार से जुड़े प्रयोगों में स्वयंसेवा करना था।

बौद्धिक सम्पदा अधिकार

इस अवधि में नवप्रवर्तकों और ज्ञान प्रदान करने वालों के नाम पर 94 पेटेंट के लिए आवेदन किया गया। इस अवधि में जनसाधारण नवप्रवर्तकों के लिए 11 पेटेंट प्राप्त किये गए। किसानों द्वारा विकसित की गई किस्मों को पी पी वी एण्ड एफ आर एक्ट, 2001 के अन्तर्गत पंजीकृत कराने के लिए 14 आवेदन किए गए तथा दो किस्मों के पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए।

वाणिज्य विकास

इंजीरियरिंग टेक्नोलॉजी और पादप प्रजाति के 23 प्रोजेक्ट को माइक्रो वेन्चर इनोवेशन फण्ड के अन्तर्गत सहयोग किया गया। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने डाबर रिसर्च फाउंडेशन के साथ हर्बल मानव स्वास्थ्य टेक्नोलॉजी पर आधारित प्रमाणीकरण, गुणवत्ता बढ़ाने और उत्पादों के विकास के लिए एक वृहद समझौता भी किया गया। डाबर सक्षम उत्पादों को मार्केट में ले जाने के लिए भी सहयोग करेगा। पांच उच्च क्षमतावान जन साधारण नवप्रवर्तकों ने NIFientreC के साथ समझौता करके इस बात पर सहमति जताई है कि वे रानप्र के साथ इक्विटी स्टेक या फिर अपने वार्षिक टर्नओवर का कुछ प्रतिशत शेयर करेंगे। प्रत्युत्तर में उन्हें NIFientreC सलाह, इनक्यूबेशन तथा अन्य सहयोग प्रदान करेगा। 12 तृणमूल नवप्रवर्तन आधारित स्टार्ट अप्स सफलता पूर्वक राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा पंजीकृत किए गये तथा डी आई पी पी द्वारा इन्हें स्टार्ट-अप प्रमाणपत्र भी दे दिए गए।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के 13 वर्षीय छात्र सिकान्तो मंडल के नवप्रवर्तन 'मोबाइल गार्बेज कलेक्टिंग डिवाइस' का टेक्नोलॉजी लाइसेंस सरजन इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, पारन, गुजरात को दिलाने में सहायता की। इसी तरह गोपाल भाई सुरतिया की ' काऊ डंग पॉट मेकिंग मशीन' का टेक्नोलॉजी लाइसेंस डी आई पी टेक्नोलॉजीज, अहमदाबाद को दिलाया गया। इसका उद्देश्य इन नवप्रवर्तनों के निर्माण तथा इनकी देश भर में मार्केटिंग करना है। प्रतिष्ठान ने लकी बेकरी प्राइवेट लिमिटेड और वारियरर्स मार्केटिंग एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम व टेक्नोलॉजी स्थानांतरण के लिए समझौता किया है, जिसके अन्तर्गत रानप्र न्यूट्रास्युटिकल उत्पादों से जुड़ी प्रौद्योगिकी स्थानांतरित करेगा, जिसे लकी बेकरी बनाएगी तथा वारियरर्स उसकी मार्केटिंग करेगी। प्रतिष्ठान, हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड; नोएडा तथा वारियर्स मार्केटिंग एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड पुणे एक एसोसिएशन बनाने के प्रपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्यवर्धक व नवप्रवर्तक खाद्य उत्पाद विकसित करने की योजना है। ये उत्पाद रानप्र विकसित करेगा, जिसका निर्माण वारियर्स करेगा तथा मार्केटिंग का उत्तरदायित्व हल्दीराम अपने ब्रॉण्ड के माध्यम से करेगा।

सूचना प्रसार एवं सामाजिक प्रसार

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान अपनी विभिन्न गतिविधियों के द्वारा तृणमूल नवप्रवर्तनों को जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, मेघालय, ओडीसा, असम, नागालैण्ड, त्रिपुरा, मणिपुर, उत्तर प्रदेश में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नवप्रवर्तन जैस कोकोनट ट्री क्लाइम्बर (स्व. अप्पचन, केरल), नेचुरल वाटर कूलर (अरविन्द भाई पटेल, गुजरात), अगरबत्ती की तीली बनाने की मशीन (परेश पांचाल, गुजरात) को लोगों तक पहुंचाया गया तो दूसरी तरफ हाथ से चलने वाला पम्प (एन शक्तिमैथन, तमिलनाडु), साइकिल फावड़ा (गोपाल भाई, भिसे, महाराष्ट्र) पैडी हस्क स्टोन (अशोक ठाकुर, बिहार), साइकिल पम्प (स्व. विक्रम राठौर, आंध्र प्रदेश) आदि को सम्बन्धित क्षेत्रों में ही निर्मित किया गया। जम्मू कश्मीर में हाथ से चलने वाला पम्प, काऊ डंग लॉग मेकिंग मशीन आदि नवप्रवर्तन का प्रसार किया गया।

कर्नाटक के श्री जी के रत्नाकर द्वारा विकसित एक अभिनव नवप्रवर्तन बिजली उत्पादन के लिए अनुकूलित हाइड्रो टरबाइन का प्रसार, तिप्ली, उत्तराखंड में किया गया।

जम्मू-कश्मीर ,छत्तीसगढ़, ओडीसा, मेघालय, असम , नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, में नए तृणमूल नवप्रवर्तनों के प्रसार की पहल की गई। इनमें सेनिटरी नेपकिन मेकिंग मशीन (एस अफजल, मल्टीपर्पज प्रोसेसिंग मशीन (धर्मवीर कम्बोज), इन्सेंस स्टिक रॉलिंग मशीन (परेश पांचाल) आदि शामिल हैं। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने जम्मू-कश्मीर के नवप्रवर्तक रफीक के मल्टीपर्पज टूटल को असम, अरूणांचल प्रदेश, नार्थ बंगाल, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, और मिजोरम के लोगों के बीच प्रस्तुत किया और उनका फीडबैक प्राप्त किया। कृषि के लिए उपयोगी तीन हर्बल उत्पाद (विकास वर्धक और कीटनाशक) को असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और मिजोरम के विविध क्षेत्रों में भेजा गया, जहां चिन्हित किसानों को परीक्षण के लिए वितरित किया गया।

रानप्र-भारत द्वारा समर्थित तृणमूल नवप्रवर्तक परेश पंचाल के नवप्रवर्तन अगरबत्ती की तीली बनाने की मशीन का प्रशिक्षण अलीपुर महिला सुधार गृह में किया गया।

आठवीं वार्षिक वैश्विक उद्यमिता समिति 2017 के तहत आयोजित किए गए प्रथम आदिवासी उद्यमिता समिति में रानप्र-भारत ने भी भागीदारी की थी।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने जेल में कैदियों को नवप्रवर्तक उत्पादों से जुड़ी स्किल (कौशल) सिखाने के उद्देश्य से देश के सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के सुधार घरों व ऐसी अन्य संस्थानों से संवाद स्थापित किया है। इस तरह की पहल उन्हें जेल से मुक्त होने पर समाज के प्रति व उत्पादक नागरिक बनाने में सहायक हो सकती है। पश्चिम बंगाल ने अलीपुर महिला सुधार गृह में अगरबत्ती /धूप (इनसेन्स स्टिक) बनाने की मशीन की इकाई लगाकर पहल की है। हिमांचल प्रदेश सुधार सेवा ने धर्मशाला जेल में गोबर से पॉट बनाने की मशीन की यूनिट लगाई है। उत्तर पद्रेश के डासना जेले के सुधार गृह तथा हरियाणा के गुरुग्राम जेल के सुधार गृह में दिल्ली स्थित इण्डिया विजन फाडण्डेशन के सहयोग से अगरबत्ती/धूप बनाने की मशीन लगाई गई है। पन्द्रह वर्ष पहले राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने ज्ञान पश्चिम के साथ मिलकर अहमदाबाद ओपन जेल में इरि सिल्क उत्पादक का प्रयोग किया था। इस तरह के प्रयास समाज में हाशिए पर पड़े लोगों में नवप्रवर्तन संस्कृति फैलाने में सहायक होते है।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने जनसाधारण नवप्रवर्तन को प्रदर्शित करने के लिए 28 जुलाई से 11 अगस्त 2017 तक संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नव प्रवर्तन पर प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य समाज के लिए उपयोगी उत्पादों और विकास के लिए तकनीकी उपोत्पाद का प्रचार-प्रसार करना था। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के निदेशक डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि किस तरह 12 सितम्बर 2017 को नेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इन्क्लूसिव इण्डिया समिट 2017 में जन-साधारण नवप्रवर्तनों ने मेकिंग इण्डिया को समग्रता प्रदान की। यह समिट एक ऐसा मंच उपलब्ध कराती है जहां देश बौद्धिक रुप से सक्षम व विकास में पिछड़े लोगों द्वारा झेली जा रही समस्याओं के हल खोजने के लिए नए-नए विचारों के साथ विमर्श होता है।

संसद भवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन पर आयोजित किए गए प्रदर्शनी को देखती हुए लोकसभा की अध्यक्ष श्रीमति सुमित्रा महाजन और विज्ञान प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं वन विभाग की संसदीय समिति की अध्यक्ष श्रीमति रेणुका चौधरी।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने 13 से 16 अक्टूबर 2017 तक इण्डिया इंटरनेशनल साइंस फेयर में भाग लिया, जहां इसने तृणमूल नवप्रवर्तन समिट स्थापित की। इसमें देश के सभी राज्यों के 100 नवप्रवर्तनों को प्रस्तुत किया गया। प्रतिष्ठान ने एक सेमिनार का भी आयोजन किया, जिसमें विशेषज्ञों ने खोज, दस्तावेजीकरण, मूल्य संवर्धन, उत्पाद विकास, औपचारिक एवं अनौपचारिक विज्ञान के सम्मिश्रण, पेटेन्ट संरक्षण, आई पी आर, सामाजिक व वाणिज्यिक परिवेश में प्रसार आदि विषयों पर चर्चा की। 16 से 20 मार्च 2018 तक प्रतिष्ठान ने इम्फाल, मणिपुर में 105 वीं राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में भाग लिया। यहां पर नवप्रवर्तनों की प्रदर्शनी भी आयोजित की, जिसमें कई तृणमूल जनोपयोगी नवप्रवर्तन प्रदर्शित किए गये। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पवेलियन में इस प्रदर्शनी के साथ-साथ पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए। इस पवेलियन को सर्वाधिक नवप्रवर्तक पवेलियन का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त रानप्र प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों व प्रदर्शनियों में उपस्थित रहने में महत्वपूर्ण पहल करता रहता है।

नई पहल व साझेदारी

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान और ओडिसा वानिकी क्षेत्र विकास परियोजना के बीच तीन वर्ष के लिए आपसी साझेदारी का समझौता हुआ है।इसके अन्तर्गत जनसाधारण नवप्रवर्तन एवं अप्रतिम परम्परागत ज्ञान की स्काउटिंग एवं डाक्यूमेन्टेशन के साथ-साथ जंगल के उत्पादों पर गुजर-बसर करने वाले आदिवासियों की आवश्यकता की पहचान करना शामिल है। इसी क्रम में प्रतिष्ठान व इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलूरू के बीच 22 दिसम्बर 2017 को पूर्व प्रधानमंत्री श्री प्रणव मुखर्जी तथा गुजरात के माननीय राज्यपाल श्री ओ.पी. कोहली की उपस्थिति के बीच समझौता हुआ है, जिसके अन्तर्गत तृणमूल नवप्रवर्तन की डिजाइनिंग व गुणवत्ता बढ़ाने में सहयोग दिया जाएगा। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान और इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गोंहारी के बीच 27 दिसम्बर 2017 को समझौता किया गया। यह समझौता पूर्वोत्तर क्षेत्र में तृणमूल नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए हुआ है। रानप्र एवं एनआईटी, मणिपुर के बीच 2 फरवरी 2018 को हुए समझौते के अनुसार मणिपुर के तृणमूल नवप्रवर्तन के विकास में साथ मिलकर काम करना है।

इसी तरह राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एवं एडवांस स्टडीज, बंगलोर के बीच हुए समझौते के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट परिसर में 10 से 18 जनवरी 2018 तक नौ दिवसीय जनसाधारण नवप्रवर्तन पर शीर्षक स्कूल का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रांस डिसिप्लनरी यूनिवर्सिटी बंगलोर तथा महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल एनर्जी एण्ड डेवलपमेन्ट ने सहयोग किया। इस स्कूल की थीम 'एनर्जी एण्ड वाटर' (ऊर्जा एवं जल) थी। इस स्कूल में 42 प्रतिभागियों की उपस्थिति थी, जिसमें शोधार्थी, इंजीनियरिंग के विद्यार्थी, नवप्रवर्तक, सामाजिक उद्यमी, स्टार्ट अप प्रारम्भ करने वाले , स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि एवं अन्य शामिल थे। इस स्कूल के उद्देश्य थे -(अ) ऊर्जा एवं जल से सम्बन्धित जनसाधारण नवप्रवर्तनों के विभिन्न सिद्धान्तों, प्रक्रिया और अभ्यास से प्रतिभागियों को परिचित कराना। नवप्रवर्तन मूल्यवत्ता श्रृंखला में मध्यस्थ संस्थानों की भूमिका के प्रति प्रतिभागियों की समझ बनाना। (स) विभिन्न नवप्रवर्तन ओर उनके माध्यम से जन-साधारण स्तर पर व्यापक एवं प्रचलित सृजन संस्कृति से प्रतिभागियों को परिचित कराना। (द) तृणमूल नवप्रवर्तन में शोध एवं नीति के बीच की दूरी को पहचानना ताकि प्रतिभागी उसे कम करने की दिशा में सहचर्य व सहयोग करने के प्रति उत्साहित हो सकें।

पहली बार एक तृणमूल नवप्रवर्तक अरूणाचलम गुरूगनन्थम के जीवन पर मुख्यधारा की हिन्दी फिल्म 'पैडमैन' बनाई गई, जिसने कम मूल्य की सेनिटरी नेपकिन बनाने की मशीन का नवप्रवर्तन किया है। श्री अरूणाचलम को राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त है।'पैडमैन' फिल्म टिविकल खन्ना के उपन्यास 'द लीजेण्ड ऑफ लक्ष्मी प्रसाद से उपजी है, जिसमें 'द सेनिटरी मैन ऑफ सेकरेड लैण्ड' कहानी शामिल है। फिल्म में गुरूगन्थम की भूमिका लोकप्रिय अभिनेता अक्षय कुमार ने निभाई है। प्रतिष्ठान ने कई अन्य नवप्रवर्तकों को फिल्म में प्रतिभागिता दिलाई है तथा फिल्म से जुड़े कई कार्यक्रम में सहभागिता निभाई है।

अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियां एवं सहयोग

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग-अनीता बोर्ग इन्स्टीट्यूट, भारत व इण्डो-यूएस साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फोरम के संरक्षण में सिलिकॉन वैली, केलिफोर्निया, यू एस ए में 01 से 08 मई 2017 तक आयोजित 'एडवांस लेवल ट्रेनिंग फॉर स्केलिंग वूमेन-लेड स्टार्टअप्स इन डेवलप्ड इकोनॉमिक्स' में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा नामांकित डॉ. सत्या सिंह ने भाग लिया। उन्होंने उद्यमिता विकास को समर्पित टेक्नोलॉजी पर आधारित सबसे बड़ी कान्फ्रेंस 'टाईकॉन 2017' (TiECon 2017) में भी प्रतिभागिता किया। इस कान्फ्रेंस में 22 देशों के 4700 से भी अधिक प्रतिनिधियों व 200 से अधिक वक्ताओं ने भाग लिया। इन प्रतिनिधियों ने अग्रसर की भूमिका निभा रही आईटी कम्पनियों तथा बिजनेस स्कूल का भ्रमण भी किया ताकि नवउद्यमियों द्वारा नवप्रवर्तन, मार्केटफिट, वेन्चर केपिटल और स्टार्टअप टीम बनाने प्रारम्भिक पूंजी के माध्यम से टीम तैयार करने सहित अन्य चुनौतियों का सामना करने के सम्बन्ध में अन्तर्दृष्टि प्राप्त की जा सके।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान- भारत के निदेशक डा. विपिन कुमार ने 9-10 जून 2017 में द इण्डिया-कनाडा सेन्टर फॉर इनोवेटिव मल्टीडिसिप्लिनरी पार्टनरशिप टु एक्सलेरेट कम्युनिटी ट्रांसफार्मेशन एण्ड सस्टेनिबिलिटी की वार्षिक शोध संगोष्ठी में भाग लिया तथा तृणमूल नवप्रवर्तन व सामुदायिक सहभागिता के अनुभवों (परिज्ञान) को साझा किया। इस संगोष्ठी के विमर्शों में शोधार्थियों, विद्यार्थियों, उद्योगों व समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।

